# स्टार्टअप के लिए छात्रों को मिलेगा 5 लाख का ऋण

नोएडा (निशांत पटेल)। एकेटीयू से संबंद्ध जिले के कॉलेजों में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नई योजना शुरू की गई है। इसमें स्नातक-परास्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों को स्टार्टअप के लिए सरकार 5 लाख रुपये तक का लोन देगी। इसके लिए एकेटीयू ने सभी संस्थानों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

## एकेटीयू से संबंद्ध जिले के कॉलेजों में शुरु हुई योजना

" विवि की ओर से अंतिन वर्ष के छात्रों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री युवा योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक लोन दिया जा रहा है।
**-कुमार संभव, निदेशक, एकेटीयू नोएडा**

यह योजना का प्रथम चरण है। प्रथम चरण में सफलतापूर्वक नवाचार करने वालों को दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक देने की सुविधा की गई है। ऋण ब्याज मुक्त रहेगा। इससे विद्यार्थियों पर ऋण चुकाने का अतिरिक्त भार नहीं होगा। इसके लिए छात्र कॉलेजों में संपर्क कर सकते हैं।

अहम है कि मुख्यमंत्री युवा योजना उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू की गई है। इसमें फाइनल इयर के छात्र-छात्राओं को भी लाभ दिया जाएगा। इच्छुक छात्र पहले चरण में पांच लाख रुपए तक का लोन लाभ लेकर स्वयं का स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। इस लोन का लाभ लेने के लिए छात्र-छात्राओं की उम्र 21 से 40 वर्ष की होनी चाहिए। साथ ही एससी, एसटी, ओबीसी छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।